# सालेपुर से राजगीर सड़क फोरलेन होगी

## बोले सीएम

- निरीक्षण के दौरान सीएम बोले-पटना से राजगीर जाना होगा आसान
- सालेपुर से राजगीर बुद्ध सर्किट फोरलेन के एलायनमेंट का निरीक्षण

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** सालेपुर से राजगीर टू लेन पथ का फोरलेन के रूप में चौड़ीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को नालंदा जिला अन्तर्गत प्रस्तावित सालेपुर से राजगीर बुद्ध सर्किट फोरलेन पथ निर्माण के एलायनमेंट का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क से पटना से राजगीर जाने वाले लोगों को आवागमन में, काफी सहूलियत होगी। साथ ही समय की भी बचत होगी।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित पथ के एलायनमेंट में पड़ने वाले रेलवे लाइन के ऊपर एलिवेटेड पथ बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सालेपुर मोड़ के निरीक्षण के पश्चात चौहान मोड़, बेलदारीपर, नूरसराय में भी स्थल निरीक्षण किया।

इसके पहले सीएम ने सालेपुर-नरसंडा-तेलमर-करौटा पथ का निरीक्षण किया। यह पथ एसएच 78 के बिहटा-सरमेरा पथ से प्रारंभ होकर सालेपुर-नरसंडा-तेलमर-करौटा होते हुए एनएच 30 में पटना-मोकामा के जगदंबा स्थान मोड़ पर मिलता है। यह पथ राजगीर जाने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग है। इस पथ का चौड़ीकरण फोर लेन के रूप में किया जाएगा।

के दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर उपस्थित थे।